PUBLICATION : VIR ARJUN (VA)

EDITION : NEW DELHI

DATE : 8TH JULY 2017, PAGE NO. : 11

# इफ्को बेचेगी इफ्को-टोकियो की 21.64 फीसदी हिस्सेदारी

वाणिज्य संवाददाता

नई दिल्ली। उर्वरक क्षेत्र की सहकारी संस्था, इफको अपने बीमा उद्यम इफ्को-टोकियो जनरल इंश्योरेंस की 21.64 फीसदी हिस्सेदारी जापान के संयुक्त उद्यम भागीदार टोकियो मरीन एशिया प्राइवेट लिमिटेड (टीएम एशिया) में विनिवेश करने के लिए सहमत हो गया है। इसके अलावा इफको, इंडियन पोटाश लिमिटेड (आइपीएल) की भी अपनी 1.36 फीसदी हिस्सेदारी टीएम एशिया को बेचेगा। इफ्को ने यह फैसला भारत सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 49 फीसदी बढ़ाने के बाद लिया है। इफ्को टोकियो में 2530 करोड़ रुपये मूल्य की अतिरिक्त 23 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के बाद टीएम एशिया की हिस्सेदारी 26 फीसदी से बढ़कर 49 फीसदी हो गई है। इंश्योरेंस रेग्युलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) ने टीएम एशिया को हिस्सेदारी बढ़ाने की अनुमति दे दी है। वर्ष 2000 में निजी क्षेत्र में बीमा कारोबार की अनुमति मिलने के बाद इफ्को ने बीमा क्षेत्र




इफ्को के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी और टोकियो मरीन एशिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी आर्थर ली नए वेंचर के बारे में प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए।

में प्रवेश किया। इफ्को के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने कहा, इस आंशिक हिस्सेदारी की बिक्री से इफ्को को इफको टोकियो में अपने निवेश के वैल्युएशन का अच्छा अवसर मिला है। इस बिक्री से इफ्को को अपने कृषि कारोबार को फैलाने तथा भारतीय कृषि क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच किसानों के हितों की रक्षा करने हेतु अपेक्षित पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि 'भारतीय स्वामित्व एवं नियंत्रण' संबंधी आईआरडीएआई के दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए किए गए इस विनिवेश से इफ्को टोकियो की कारोबारी गतिविधियों में इफ्को का नियंत्रण बना रहेगा। टीएम एशिया के मुख्य कार्यकारी आर्थर ली ने कहा, अतिरिक्त हिस्सेदारी की यह खरीद सतत विकास और लाभ वृद्धि के साथ-साथ उभरते देशों में विकास के अवसरों का लाभ उठाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ाने की टोकियो मरीन ग्रुप की अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति के अनुरूप है। साल 2017 के 31 मार्च को इफ्को और उसकी सहयोगी कंपनी आईपीएल के पास इफ्को-टोकियो की क्रमशः 72.64 फीसदी और 1.36 फीसदी हिस्सेदारी थी, जबकि टोकियो मरीन के पास 26 फीसदी हिस्सेदारी थी। इन शेयरों की बिक्री के बाद इफ्को की इफ्को-टोकियो जनरल में 51 फीसदी और टोकियो मरीन की 49 फीसदी हिस्सेदारी हो जाएगी।